दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 05
अंकः- 22
मुरादाबाद
13 May 2025
(Tuesday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## हमारी पराक्रमी सेना, खुफिया एजेंसियों और वैज्ञानिकों को सलाम, PM का देश को संबोधन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रात आठ बजे देश को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार अपनी बात देश के सामने रखेंगे। इससे पहले तीनों सेनाओं के डीजी ऑपरेशंस ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष पर अहम जानकारियां देश के साथ साझा कीं। सूत्रों ने बताया कि दोनों देशों के सैन्य महानिदेशकों की बातचीत भी पूरी हो गई है।प्रधानमंत्री मोदी ने देश को संबोधित करते हुए कहा, बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं, हमारी खुफिया एजेंसियों और हमारे वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की ओर से सलाम करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए वीरता प्रदर्शन किया।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पाकिस्तान के बीच सीजफायर का श्रेय लेने की तीसरी बार कोशिश की है। उन्होंने कहा, %मैंने दोनों देशों से कहा... आइए, हम आप लोगों के साथ बहुत सारा व्यापार करना चाहते हैं। आइए इसे (संघर्ष को) रोकते हैं... रोकते हैं इसे। अगर आप इसे रोक देंगे तो हम आपके साथ व्यापार करेंगे, अगर आप इसे नहीं रोकेंगे तो हम आपके साथ व्यापार नहीं करेंगे।%सरहद पर शांति के बाद स्कूलों को खोलने का फैसला जम्मू-कश्मीर के गैर-सीमावर्ती जिलों में स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हालात में सुधार को देखते हुए सरकार और प्रशासन ने फैसला लिया है कि कल से सभी स्कूल और कॉलेज फिर से खोल दिए जाएंगे। प्रशासन ने यह निर्णय सामान्य शैक्षणिक गतिविधियों को बहाल करने के उद्देश्य से लिया है।11 दिवसीय देशव्यापी तिरंगा यात्रा निकालने की तैयारी में भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, उनके ट्रेनिंग सेंटर्स पर सटीक प्रहार किया। आतंकियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है, लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं।ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद मंगलवार यानी 13 मई से 23 मई तक देशभर में 11 दिवसीय %तिरंगा यात्रा% शुरू करेगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि अभियान का स्वर अत्यधिक राजनीतिक नहीं होगा। भाजपा ऐसे मुद्दे पर लोगों को एकजुट करना चाहती है, जिसे समाज के सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त है। केंद्रीय मंत्रियों और संगठनात्मक पदाधिकारियों सहित वरिष्ठ भाजपा नेता इस अभियान में शामिल होंगे।देश के सभी 32 हवाईअड्डों से परिचालन शुरू भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (Airports Authority of India) के अनुसार, 32 हवाई अड्डों को 15 मई की शाम 05=29 बजे तक नागरिक विमान परिचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद किया गया था। अब इन एयरपोर्ट्स से नागरिक विमान परिचालन तत्काल प्रभाव से शुरू कर दिया गया हैं।भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के बीच सीमावर्ती राज्यों में रहने वाले लोगों की मदद के लिए तेलंगाना सरकार ने 9 मई को दिल्ली स्थित तेलंगाना भवन में 24×7 कंट्रोल रूम की स्थापना की। सीमावर्ती राज्यों में रहने वाले तेलंगाना के 162 लोग दिल्ली पहुंच गए हैं। इनमें इनमें जम्मू-कश्मीर के विभिन्न संस्थानों के 56 लोग और पंजाब के 106 व्यक्ति शामिल हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने देश को संबोधित करते हुए कहा, बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं, हमारी खुफिया एजेंसियों और हमारे वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की ओर से सलाम करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं हमारे देश की हर माता को, देश की हर बहन को और देश की हर बेटी को यह वीरता, साहस, पराक्रम को आज समर्पित करता हूं। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूम नागरिकों को धर्म पूछकर उनके परिवार के सामने, उनके बच्चों के सामने बेरहमी से मार डाला गया था। यह आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा था। क्रूरता थी। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह पीड़ा बहुत बड़ी थी।प्रधानमंत्री ने कहा, इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र, हर नागरिक, हर वर्ग, हर समाज, हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी और आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहन और बेटियों के माथों से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। प्रधानंमत्री ने कहा, जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला किया, भारत के ड्रोन्स ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं,



बल्कि उनका हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकाने एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटी रहे हैं। दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं, चाहे 9/11 हो, चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या भारत में दशकों से बड़े-बड़े आतंकी हमले हुए हैं, उन सभी के तार कहीं न कहीं आतंक के इन्हीं ठिकानों से जुड़ते रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा है, इसलिए भारत ने आतंक के ये मुख्यालय उजाड़ दिए हैं। भारत के इन हमलों ने 100 से अधिक खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई-तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे, जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, साथियो! भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था और इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया। आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने के बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। पाकिस्तान ने हमारे स्कूलों-कॉलेजों, गुरुद्वारों, मंदिरों, सामान्य नागरिकों के घरों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया। उन्होंने कहा, दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान के ड्रोन्स, पाकिस्तान की मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के सशक्त एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया।प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के ड्रोन्स, भारत की मिसाइलों ने सटीकता से हमला किया। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिन पर पाकिस्तान को बहुत घमंड था। भारत ने पहले तीन दिन में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया, जिसका उसे अंदाजा भी नहीं था। इसलिए भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा। पाकिस्तान दुनियाभर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा था और बुरी तरह पिटने के बाद इसी मजबूरी में 10 मई की दोपहर को पाकिस्तानी सेना ने हमारे डीजीएमओ से संपर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बड़े पैमाने पर तबाह कर चुके थे। आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया गया था। पाकिस्तान के सीने में बसाए गए आतंक के अड्डों को हमने खंडहर बना दिया था। इसलिए जब पाकिस्तान की तरफ से गुहार लगाई गई, पाकिस्तान की तरफ से जब यह कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा, तो भारत ने उस पर भी विचार किया। मैं फिर दोहरा रहा हूं कि हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों पर अपनी जवाबी कार्रवाई को अभी सिर्फ स्थगित किया है। आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वह क्या रवैया अपनाता है। अपने तरीकों और शर्तों पर जवाब देते रहेंगे= प्रधानमंत्री मोदी साथियो! भारत की तीनों सेनाएं, वायुसेना, थलसेना और नौसेना, हमारे सीमा सुरक्षा बल, भारत के अर्द्धसैनिक बल लगातार अलर्ट पर हैं। शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे। हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंक की जड़ें निकलती हैं। दूसरा- कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। तीसरा- हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे।

### संक्षिप्त समाचार

#### 19 जिलों में हीटवेव की चेतावनी; पारा पहुंचा 40 डिग्री पार; 16 मई से तराई में बूंदाबांदी का अलर्ट

बीते दो दिनों से यूपी के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में तापमान चढ़ने के साथ ही गर्मी का प्रकोप बढ़ा है। दोपहर की रूखी हवाओं और तपिश भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। 14 मई में 19 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। वहीं 16 मई से तराई इलाकों में बूंदाबांदी का अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में गर्मी का कहर और बढ़ने वाला है। मौसम विभाग ने 14 मई से प्रदेश के पूर्वी और तराई इलाके के 19 जिलों में लू के थपे? चलने की चेतावनी जारी की है। इस बदलाव से प्रदेश के बाकी हिस्सों के भी लू के चपेट में आने का पूर्वानुमान है।मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों में प्रदेश के कई जिलों में तापमान के 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। सोमवार को प्रदेश के वाराणसी, प्रयागराज आदि जिलों में दिन का पारा 40 डिग्री के पार चला गया।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले तीन-चार दिनों में तापमान में 5 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही प्रदेश के पूर्वी तराई हिस्सों में 14 मई से लू चलने की संभावना है। इसके बाद लू का प्रसार प्रदेश के बाकी हिस्सों तक पहुंचेगा। 16 मई से तराई में बूंदाबांदी का अलर्ट- मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 16 मई से प्रदेश के तराई इलाके में चक्रवाती परिसंचरण विकसित हो रहा है। तराई में तीन से चार दिनों के लिए फिर से मौसम बदलेगा

## कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता पर जवाब दे केंद्र सरकार, कांग्रेस ने मांगा जवाब



कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारी पार्टी की प्रधानमंत्री से मांग है कि वे तुरंत संसद सत्र बुलाएं और इन मुद्दों पर बात करें। ये किसी पर आरोप-प्रत्यारोप के लिए नहीं है। साथ ही कांग्रेस ने हालात की विस्तार से समीक्षा, हमारी कमियों की पहचान करने और ये सुनिश्चित करने के लिए कि वे भविष्य में न हों, इसके लिए भी संसद सत्र बुलाने की मांग की। कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को केंद्र सरकार से कश्मीर मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा है और पूछा है कि क्या केंद्र सरकार कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के लिए तैयार है? साथ ही कांग्रेस पार्टी ने चेताया है कि अगर सरकार कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार करती है तो ये शिमला समझौते का उल्लंघन होगा। कांग्रेस पार्टी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर सवाल उठाए जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि उन्होंने ही भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता कराई। सरकार पूरे मामले पर दे सफाई% तिरुवनंतपुरम में पार्टी के एक कार्यक्रम में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि उनकी पार्टी जानना चाहती है कि क्या देश की विदेश नीति में किसी तरह का बदलाव किया गया है।

उन्होंने इस मामले पर जल्द से जल्द संसद सत्र बुलाने की मांग की। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि %क्या शिमला समझौता, जो कश्मीर मुद्दे पर भारत-पाकिस्तान के अलावा तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को खारिज करता है, क्या उसका उल्लंघन हुआ है? ट्रंप रोजाना बयानबाजी कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि उन्होंने मध्यस्थता कराई है। ऐसे में सरकार को इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण देना चाहिए।% कांग्रेस और पूरा विपक्ष सरकार और सेना के साथ% कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारी पार्टी की प्रधानमंत्री से मांग है कि वे तुरंत संसद सत्र बुलाएं और इन मुद्दों पर बात करें। ये किसी पर आरोप-प्रत्यारोप के लिए नहीं है। साथ ही कांग्रेस ने हालात की विस्तार से समीक्षा, हमारी कमियों की पहचान करने और ये सुनिश्चित करने के लिए कि वे भविष्य में न हों, इसके लिए भी संसद सत्र बुलाने की मांग की। भारत-पाकिस्तान के बीच शनिवार को संघर्ष विराम हो गया। वेणुगोपाल ने कहा कि देश गंभीर स्थिति से गुजर रहा है और कांग्रेस और पूरा विपक्ष इस मुश्किल घड़ी में सरकार और सेना के साथ दृढ़ता से खड़ा है। कांग्रेस नेता ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का भी जिक्र किया, जिन्होंने कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता का सख्ती से विरोध किया था।

## सेना बोली- आतंकियों के अड्डों को तबाह करने में आकाश मिसाइल ने निभाई अहम भूमिका



देश में ही तैयार आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली ने पिछले दिनों पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष में अहम भूमिका निभाई है। जिसकी जानकारी आज एयर मार्शल एके भारती ने प्रेस ब्रीफिंग में दी।भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का आज तीसरा दिन है। सीमा पर भले ही शांति हो लेकिन दोनों देशों के बीच तनाव का माहौल बना हुआ है। सोमवार को एक बार फिर भारत की डीजीएमओ ने प्रेस ब्रीफ की है। जिसमें उन्होंने पाकिस्तान की एक किए गए कायराना हमलों की पोल खोल दी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि, पाकिस्तान की ओर से किए गए हमले की कोशिशों को रोकने के लिए किन हथियारों का इस्तेमाल किया गया। स्वदेशी वायु रक्षा हथियारों ने शानदार प्रदर्शन किया एयर मार्शल एके भारती ने बताया कि, पाकिस्तान को माकूल जबाव देने के लिए आकाश मिसाइलें भारतीय सेना द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली हथियार प्रणालियों में से एक थीं। इस पूरे घटनाक्रम में एक और मुख्य आकर्षण आकाश प्रणाली जैसे स्वदेशी वायु रक्षा हथियारों का शानदार प्रदर्शन था। हमारी लड़ाई आतंकी ढांचे और आतंकवादियों के खिलाफ थी, लेकिन पाक सेना ने आतंकवादियों का समर्थन करना चुना और संघर्ष को बढ़ाया।आकाश हवाई खतरों से बचाने वाला भारत का स्वदेशी हथियार आकाश को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने तैयार किया। डीआरडीओ की ओर से विकसित आकाश एक मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली है। इसे डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की ओर से निर्मित मिसाइलों द्वारा विकसित किया गया है। 18,000 मीटर की ऊंचाई, 45 चरूदूरी तक निशाना %आकाश% बैटरी मिसाइल प्रणाली 18,000 मीटर की ऊंचाई पर 45 किलोमीटर दूर तक के विमानों को निशाना बना सकती है। इसमें लड़ाकू जेट, क्रूज मिसाइल और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की क्षमता है।कहीं भी जा सकता है आकाश आकाश की सबसे बड़ी खासियत यह भी है कि यह कहीं भी ले जाया जा सकता है। इसे स्पष्ट या अन्य सीमा पर ट्रक या टैंक जैसे वाहनों के जरिए लेकर जाया जा सकता है। इसका एडवांस वर्जन आकाश-ह्न 70 से 80 किमी तक मार कर सकता है। इसकी रफ्तार लगभग 2,500 किमी/घंटा है। यह 150 किमी दूर तक 64 लक्ष्यों को देख सकता है। यह एक साथ 12 मिसाइलों को दाग सकता है। मिसाइल में स्मार्ट गाइडेंस सिस्टम है, जिससे आखिरी पल में भी लक्ष्य को लॉक करने में मदद मिलती है। एक बैटरी 64 लक्ष्यों को ट्रैक, 12 पर कर सकती है हमला %आकाश% में एक राजेंद्र 3डी पैसिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे रडार और चार लॉन्चर होते हैं। इनमें से प्रत्येक में तीन मिसाइलें होती हैं। यह सभी आपस में जुड़ी होती हैं।

## संपादकीय Editorial

### Terrorism razed to the ground

Wow, the brave soldiers of the country! What a target, what targets were marked and in just 25 minutes of operation, those bases, headquarters, mosques and madrasas where terrorists used to take shelter were razed to the ground. They were the 'haram' of sin, violence and crime. In the Pahalgam massacre, the terrorists from here had wiped out the 'Sindoor' of our daughters and daughters-in-law. In a single counterattack, 35 years old revenge was also taken. Prime Minister Modi had named it 'Operation Sindoor'. His statement that the time has come to raz the remaining ground of the terrorists to the ground also proved to be meaningful. Our forces razed 9 bases of terrorists to the ground in just 25 minutes from 1.05 am to 1.30 am on the intervening night of 6-7 May and killed more than 100 terrorists. The headquarters of terrorist organizations Lashkar-e-Taiba, Jaish-e-Muhammad and Hizbul Mujahideen were also destroyed. Jaish's chief Masood Azhar's comment itself confirms the aggressiveness of our attacks-'I wish I had also died, it would have been better.' In the operation, 10 members of his family including his wife, son, sister-brother-in-law, nephew-niece, nephew's wife, nephew etc. also had to die. 4 people close to the chief were also killed. In Pahalgam, the terrorists had told the daughters of India-'We will not kill you. Go and tell Modi.' Modi himself knew that the 'vermilion' had been wiped out, so on his orders, the armies planned a joint operation, on the basis of accurate intelligence, fired 24 missiles in the darkness of the night and destroyed the terrorists' hideouts, but the government and army of Pakistan did not even get a clue. Pakistan's 'defense system' remained asleep. On what basis has this army been boasting of using nuclear weapons? Bravo soldiers! The nation salutes, salutes and thanks to you! This is a day of pride and glory for the country. However, 21 terrorist hideouts were identified. That means 12 terrorist hideouts are still remaining. We are regretting why terrorist leaders like Hafiz Saeed, Masood Azhar, Salahuddin were left alive? Perhaps now they will see how horrific and painful the death of one's own people is! Anyway, the Indian army has only 'destroyed' the first phase of terrorism. It is a fierce beginning, Pakistan will be torn to pieces! The 'sapole' is still alive in the terror hideouts. They too have to be crushed. Pakistan's reaction, its possible counterattack, is yet to come. Pakistan has admitted that 31 of its people have been killed, while many have been injured. Emergency has been declared in its Punjab. We have killed only those who had wiped off the 'vermilion' of our daughters-in-law and daughters. What do they know about the value and importance of 'vermilion''! However, in the Indian operation, no military establishment, office and residential area or building has been destroyed. This was a targeted attack on terrorists only. India's Foreign Minister Jaishankar has briefed all the major countries that the attack was carried out on terrorist bases and killers. China and Turkey's statements were pro-Pak because it was their compulsion. Now if Pakistan retaliates and attacks, then the whole of Pakistan will be the target of our forces. Then there can be a war. National Security Advisor Ajit Doval has given a clear warning. Our forces and paramilitary forces are currently on 'super alert'. Employees' leaves have been cancelled. However, now we have to make a clear national policy on terrorism. India should declare Pakistan a 'terrorist country' and 'enemy country'. Flowers were offered on the coffins of the slain Pakistani soldiers in the name of the President and Army Chief General Munir. The soldiers wrapped the coffins in the Pakistani flag and saluted them. If the terrorists are bid 'goodbye' with state honors.

# Pakistan is neglected even in the Islamic world, major Islamic countries are not ready to stand with it

In return for Pakistan's support, Azerbaijan decided to support Pakistan on the Kashmir issue at international forums. India maintains friendly relations with Armenia, Azerbaijan's neighbouring country, which Azerbaijan dislikes. This is the reason why Azerbaijan's support to Pakistan has now become not just friendship but a necessity. Operation Sindoor, carried out by the Indian Army to destroy terrorist bases in Pakistan along with occupied Kashmir in response to the horrific terrorist attack in Pahalgam, is an example of India's military prowess. While many countries of the world, including Islamic countries, supported this action of India, Turkey and Azerbaijan were the only two major Muslim-Islamic countries that supported Pakistan. Turkish President Recep Tayyip Erdogan supported Pakistan on India's action against Pakistani terrorist organizations by saying that I pray to God's mercy on my brothers who lost their lives in the attacks. This attitude of Turkey was surprising because India had sent immediate assistance under 'Operation Dost' during the earthquake there in 2023. However, it would not be right to see Turkey's attitude as its religious unity with Pakistan. Both Pakistan and Turkey are trying to give politics and strategy the garb of religion. Under the leadership of Erdogan, Turkey is trying to establish its leading role in the Islamic world, while Pakistan has also been presenting Islamic identity as its ideological foundation. An example of this is the statement of Pakistani Army Chief General Asim Munir, ''In the entire history of humanity, there are only two countries that came into existence on the basis of 'Kalima-e-Tayyaba'. The first was Riyasat-e-Tayyaba, which the world today knows as Medina (Saudi Arabia) and about 1300 years later, Allah created the second country Pakistan on the basis of this Kalma.'' This statement did not go down well with other Islamic countries. This statement gives a glimpse of Pakistan's thinking, which matches Turkey's 'new Ottoman' thinking, but it is not Islamic brotherhood. Turkey's strategic interest and military-industrial transactions are behind this. Turkey gives drones, warships and defense training to Pakistan not as donation, but in exchange for payment. The Central Asian country Azerbaijan also came forward to support Pakistan. Azerbaijan said on Operation Sindoor that we condemn military attacks against the Islamic Republic of Pakistan. Azerbaijan's support to Pakistan is also not the result of religious sentiments, but is a symbol of diplomatic partnership. Pakistan was the first country to unconditionally support Azerbaijan in the Nagorno-Karabakh conflict and has not recognized Armenia till date. In return for Pakistan's support, Azerbaijan decided to support Pakistan on the Kashmir issue at international forums. India maintains friendly relations with Azerbaijan's neighboring country Armenia, which Azerbaijan does not like. This is the reason why Azerbaijan's support to Pakistan is no longer just friendship, but has become a necessity. Like Turkey and Azerbaijan, at one time Malaysia's former Prime Minister Mahathir Mohammad also openly supported Pakistan on the Kashmir issue. However, the government that came after him adopted a balanced foreign policy in the matter of Kashmir. Angering India can become a cause of economic loss for it. That is why it did not stand with Pakistan as openly as Turkey and Azerbaijan did. Despite Pakistan getting the support of select countries like Turkey and Azerbaijan, India took a decisive stand against terrorism. Major Islamic countries like Saudi Arabia, United Arab Emirates were among the first countries to condemn the Pahalgam attack. This makes it clear that the Islamic world did not stand unitedly in support of Pakistan. Perhaps that is why it was defeated. Along with this, India's rapidly growing economy, its leadership capabilities on global forums and the ideology of Vasudhaiva Kutumbakam are giving the message that India is not a threat to anyone, but a partner in peace, cooperation and development. It will be known in future what policy the Indian government adopts on Turkey and Azerbaijan's support to Pakistan, but both these countries will have to face the anger of common Indians even after the military conflict is over. A large number of Indians visit Turkey and Azerbaijan for tourism. Indians started a campaign to boycott these two countries on internet media. Not only this, one after another Indian travel companies announced that they are stopping their bookings for Turkey and Azerbaijan. These companies have started motivating Indians to travel to other countries. The tourism industry of these countries along with their airlines will have to bear the heat of Indians' anger.

# It is better not to trust Pakistan

Prime Minister Modi had announced then that a befitting reply will be given to these brutal killings and the terrorists and those who support them will be found and punished. Finally, within 15 days, the Indian Army fulfilled the Prime Minister's resolve by targeting nine terrorist bases of Pakistan through Operation Sindoor. Finally, Pakistan came to its senses. The way it surrendered in fear of India's deadly military attacks and was forced to end the military confrontation, it became clear that it understands only the language in which India explained it very well, but perhaps it will not improve easily, because it broke the ceasefire agreement within three hours. It is clear that it is not trustworthy. The way the Indian Army first destroyed its terrorist bases and then its military bases, it started looking helpless. It was good that India did not show any leniency towards it. It will not have to show any leniency in the future either. Although the US President had announced the end of the military confrontation, it was India's tough attitude that brought Pakistan on the right path. Pakistan and especially its army are responsible for the destruction and embarrassment it had to face at the hands of India. A few days ago, when Pakistani Army Chief General Asim Munir had said that we are different from Hindus in every respect and Kashmir is our jugular vein, his perverted and jihadi mentality was exposed. About a week after this provocative statement, the way Pakistan-sponsored terrorists brutally murdered 26 people in Pahalgam after asking for their identity, exposed the jihadi thinking of the Pakistani army. Prime Minister Modi had then announced that a befitting reply will be given to these ruthless murders and those who support the terrorists as well as those who provide them protection will be found and punished from anywhere. Ultimately, within 15 days, the Indian Army fulfilled the Prime Minister's resolution by targeting nine terrorist bases in Pakistan through Operation Sindoor. Even after this, Pakistan continued to defend its pet terrorist organizations and that too to such an extent that its Defense Minister Khawaja Asif was saying that we have been nurturing terrorists for three decades. Bilawal Bhutto said the same thing. By saying this, he embarrassed Pakistan. Whenever Pakistan has carried out terrorist attacks in India, it has had to face similar embarrassment, whether it is the Mumbai attack or the Uri, Pulwama and Pathankot attacks. Promoting terrorism and turning away from it is Pakistan's habit. Due to this habit of its, before agreeing to end the military confrontation, India made it clear that in future any terrorist attack sponsored by Pakistan will be considered a war. This was a big message to Pakistan as well as the world. Perhaps everyone understood this message that now India is not going to sit quiet. After the destruction of terrorist hideouts in Operation Sindoor, Pakistan was continuously targeting India's civilian and military bases with drones and missiles along with heavy firing on the LoC. When it did not stop, India had to destroy its airbases. This made Pakistan understand that this time it has to deal with such an India which it is not in a mood to spare. Pakistan had no answer to the question as to why it was attacking India, because the Indian Army had destroyed its terrorist bases. India did not do anything to warn and frighten Pakistan for its activities, nor did it do anything that would give it an excuse to wage war against it. India repeatedly made it clear that if Pakistan does not stop showing audacity, it will be given a stronger reply. By destroying its terrorist bases and firing drones and missiles in its major cities, India had already proved that no area of ??its country was beyond its attack. Pakistan's attacks on India revealed that apart from China, it was also getting military help from Turkey. Despite India's objection, the International Monetary Fund decided to give it a loan. Perhaps even after being aware of Pakistan's activities, the western countries are suffering from the wrong thinking that if Pakistan becomes a failed state in the absence of economic help, their headache will increase further. This is the thinking that will put the whole world in trouble. Western countries will have to change their thinking because now India is not ready to tolerate Pakistan-inspired terrorism. In comparison to Western countries, China has been supporting Pakistan due to its anti-India attitude. It does not want to see India progress. It is trying to fulfill its economic interests by inciting it against India. By defeating Pakistan, India has also given it an important message. Due to hatred towards India, the Pakistani army and government are not ready to understand that they are taking their country towards destruction. A section of the people there was definitely feeling this and that is why it is putting Asim Munir in the dock. It is seeing him as a Jihadi General. The ruling leaders of Pakistan had lost credibility due to becoming puppets of their army. That is why the major countries of the world did not support it. This also broke its morale, but perhaps its habit of deceit will not leave so soon. The only purpose of the Pakistani army is to increase hatred towards India and fill its pockets by buying weapons. Pakistan has already been ruined due to terrorism and army. By carrying out the terrorist attack in Pahalgam, it had trapped itself in a deeper crisis. Even after the military conflict is over, it is not easy for it to come out of this crisis. Pakistan is facing economic crisis. Pakistan is in a bad shape and is not even bothered about its plight, but India is a rapidly growing economy. Now it has to keep Pakistan in check forever and also ensure that the roadmap it has made to strengthen its economy and due to which foreign investment is coming in, is not hindered.

# कपूर कंपनी पुल पर गर्डर रखने का कार्य पूरा, पुल जुलाई में हो जाएगा तैयार

मुरादाबाद-नये कपूर कंपनी पुल बनाने के लिए रेल ब्लॉक के दूसरे दिन मंडल मुख्यालय पर ट्रेनों का संचालन आंशिक रूप से प्रभावित रहा। डाउन दिशा की ओर जाने वाली अवध असम एक्सप्रेस के स्टेशन पहुंचने के बाद 11:15 बजे रेल ब्लॉक प्रभावी किया गया। दोपहर एक बजे तक दो हिस्से में तैयार गर्डर पोल पर रख दिए गए।राजकीय रेलवे थाना प्रभारी रविंद्र वशिष्ठ, आरपीएम पोस्ट प्रभारी अरुण कुमार ने टीम के साथ रेल ब्लॉक के दौरान क्षेत्र में मुश्तैदी बढ़ाई। सीनियर डीईएन सिविल और अन्य विभागीय अफसर सतर्क हो गए। इस दौरान हाई पावर हाइड्रोलिक और क्रेन की मदद से गर्डर उठाए गए। रेल पटरी से लेकर आसपास के इलाके में भारी सुरक्षा बंदोबस्त रहा। दोपहर के एक बजे मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने ब्रांच अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर गर्डर लांचिंग देखी और टीम के सदस्यों ने बात की। डीआरएम ने निर्धारित समय में काम करने वाली टीम को बधाई दी। वहीं सीनियर डीईई की निगरानी में ओएचई मरम्मत की गई। दो यान से टीम ने प्लेटफार्म संख्या एक से दो की लाइनों की जांच की। कमजोर वायर बदले गए। सिविल वर्क के रेल ब्लॉक का अन्य विभागों ने फायदा उठाया। स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार ब्लॉक के दौरान ट्रेनों के परिचालन के लिए सतर्क रहे और यात्रियों को परेशानी नहीं होने दी। डीआरएम राजकुमार सिंह ने बताया कि कपूर कंपनी पुल निर्माण के लिए रेलवे लाइन क्षेत्र में गर्डर रखने का कार्य पूरा हो गया। अन्य कार्य के लिए अभी ढाई से तीन महीने का समय लगेगा। इस पुल को जुलाई के आखिर तक तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। लाइनपार के लोगों की सुविधा के लिए बन रहे कपूर कंपनी के नये पुल के निर्माण का बड़ा कार्य रविवार को पूरा हो गया। रेलवे लाइन क्षेत्र में पुल का गर्डर खंभों पर रख दिया गया। इसके चलते सुबह 11:15 से दोपहर 3:15 बजे ट्रेनों का संचालन रोका गया। परिचालन कारणों से दिल्ली से डिब्रूगढ़ के बीच चलने वाली राजधानी एक्सप्रेस दूसरे प्लेटफार्म से संचालित की गई।




# 25 दिन पहले कारोबारी के घर आया था नौकर, नहीं तोड़ पाया लॉक, पुलिस भी घटना से हैरान

मुरादाबाद-मुरादाबाद की परंपरा सोसायटी में केमिकल कारोबारी की 75 वर्षीय मां की हत्या कर नौकर फरार हो गया। वह घटना से 25 दिन पहले ही कारोबारी के यहां आया था। पुलिस आरोपी की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मुरादाबाद परंपरा सोसायटी में केमिकल कारोबारी दया किशन रस्तोगी की मां प्रमोद रस्तोगी (75) की हत्या करने वाला आरोपी नौकर सचिन सक्सेना घटना से 25 दिन पहले ही उनके घर आया था। पुणे से लौटे कारोबारी और उनकी पत्नी से पुलिस ने पूछताछ की और नौकर के बारे में जानकारी जुटाई। कारोबारी का कहना है कि उनके घर की अलमारियां सुरक्षित हैं, हालांकि उन्हें तोड़ने का प्रयास किया गया है।उधर, पुलिस अब तक सचिन तक नहीं पहुंच पाई है। सिविल लाइंस क्षेत्र के रामगंगा विहार स्थित परंपरा सोसायटी निवासी कारोबारी दया किशन रस्तोगी की मां प्रमोद रस्तोगी की हत्या करने के बाद उनका नौकर सचिन भाग गया है। घटना वाले दिन बृहस्पतिवार को कारोबारी अपनी पत्नी रेखा, बेटे ईशान के साथ पुणे में मेडिकल की पढ़ाई कर रही बेटी ज्योतिका के पास थे। पुलिस ने इस मामले में प्रमोद रस्तोगी के छोटे बेटे डॉ गौतम रस्तोगी की तहरीर पर सचिन के खिलाफ केस दर्ज किया था। जिसमें उन्होंने बताया कि सचिन उनकी मां की हत्या करने के बाद उनके जेवर भी उतार कर ले गया है। पुणे से लौटने के बाद कारोबारी और उनकी पत्नी ने अपने घर को चेक किया। इसके बाद पुलिस ने उनसे नौकर के बारे में जानकारी जुटाई। कारोबारी ने बताया कि सचिन वैसे तो उनके घर में कई साल से काम कर रहा था, लेकिन वह बीच-बीच में काम छोड़कर चला जाता था। वह मंचन में काम करता है। अब वह घटना से 25 दिन पहले ही आया था। मैंने उससे बोल कर निकला था कि मां का ख्याल रखना, लेकिन उसने हमारे साथ धोखा कर दिया। उन्होंने पुलिस को यह भी जानकारी दी कि उनके घर में रखा सामान सुरक्षित है। मां ने जो भी जेवर पहन रखे थे उन्हें उतार कर ले गया है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह का कहना है कि आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हैं। शहर के अलावा मूंढापांडे के इकरौरिटया टोल अमरोहा में भी टोल के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए हैं। यह था मामला रामगंगा विहार स्थित परंपरा सोसायटी में बृहस्पतिवार दोपहर करीब दो बजे नौकर सचिन सक्सेना ने केमिकल कारोबारी दया किशन रस्तोगी की मां प्रमोद रस्तोगी (75) की सिर पर किसी भारी चीज से हमला कर हत्या कर दी। आरोपी मृतका के पहने हुए जेवर लूटकर ले गया। हत्या के बाद नौकर को नौकरानी अनीता ने पकड़ने का प्रयास किया तो वह धक्का देकर भाग गया। रामगंगा विहार की सोसायटी परंपरा-1 में कारोबारी दया किशन रस्तोगी का दो मंजिला मकान है। कांठ रोड पर भटावली में उनकी दारा नाम से केमिकल फैक्टरी है। उनकी बेटी ज्योतिका रस्तोगी पुणे में मेडिकल की पढ़ाई कर रही है। पांच मई की सुबह कारोबारी अपनी पत्नी रेखा, बेटे ईशान के साथ बेटी के पास गए थे। घर में मां प्रमोद रस्तोगी के पास कोतवाली के चौमुखापुल के पास रहने वाला नौकर सचिन सक्सेना और सिविल लाइंस के हिमगिरी हरथला निवासी नौकरानी अनीता को छोड़कर गए थे कारोबारी के छोटे भाई दंत चिकित्सक डॉ. गौतम रस्तोगी साईं गार्डन सोसायटी में रहते हैं। नौकरानी अनीता ने पुलिस को बताया कि बृहस्पतिवार की दोपहर करीब 12 बजे वह प्रमोद रस्तोगी को पीने के लिए पानी देकर दूसरी मंजिल पर साफ-सफाई कर चली गई थी। नौकर सचिन कारोबारी की मां के पास ही कमरे में मौजूद था। करीब दो बजे नौकरानी नीचे आई और सचिन से प्रमोद के बारे में पूछा तो उसने पहले कहा कि वह बाहर गई हैं। फिर तुरंत बोला कि अंदर सो रही हैं। संदेह हुआ तो नौकरानी ने कमरे में जाकर देखा तो चादर पर खून लगा था। उसने चादर हटाकर देखी तो प्रमोद के सिर से खून बह रहा था। नौकरानी बाहर आई तो सचिन भागने लगा। उसने सचिन को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी उसे धक्का देकर गेट बंद कर भाग गया। नौकरानी के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस प्रमोद रस्तोगी को लेकर अस्पताल पहुंची, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर एसएसपी सतपाल अंतिल, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, सीओ कुलदीप कुमार गुप्ता पहुंच गए। उन्होंने फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया। जांच पड़ताल के बाद मकान के दोनों तरफ खाली पड़े प्लॉट में हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। नौकरानी अनीता ने पुलिस को बताया कि प्रमोद रस्तोगी के पहने हुए जेवर गायब हैं। माना जा रहा है कि जेवर लूटने के लिए ही हत्या की गई। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि मृतका के बेटे गौतम की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। उसकी तलाश में चार टीमें लगा दी गई हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। छोटे बेटे डॉ. गौतम रस्तोगी ने दर्ज कराया केस- बुजुर्ग प्रमोद रस्तोगी के छोटे डॉ. गौतम रस्तोगी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी नौकर सचिन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि उनके भाई दया किशन रस्तोगी ने उन्हें फोन पर जानकारी दी कि मां की तबीयत खराब है। उनके सिर से खून बह रहा है। वह उनके घर पहुंचे तो पता चला कि नौकरानी और सोसायटी के लोग उन्हें अस्पताल ले गए हैं। अस्पताल पहुंचा तो जानकारी हुई कि डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। नौकरानी ने बताया कि सचिन ने हत्या की है। वह उनके जेवर भी लूटकर ले गया है।



# आरटीओ कार्यालय में फिटनेस का काम बंद, मुश्किल में वाहन मालिक, दौड़ रहे पांच हजार अनफिट वाहन

मुरादाबाद-मुरादाबाद जिले में दो निजी ऑटोमेटेड टेस्टिंग सेंटर (एटीएस) बनकर तैयार हैं। तकनीकी कारणों से वहां अभी तक फिटनेस जांच शुरू नहीं हो सकी है। दूसरी ओर आरटीओ कार्यालय में मैन्युअल फिटनेस कार्य बंद कर दिए जाने से वाहन स्वामी परेशान हैं। इसके चलते जिले में लगभग 5000 अनफिट वाहन सड़कों पर चल रहे हैं। मुरादाबाद जिले के दो स्थानों पर निजी ऑटोमेटेड टेस्टिंग सेंटर (एटीएस) बनकर तैयार हैं, लेकिन वहां काम शुरू नहीं हो सका है। इधर आरटीओ कार्यालय में फिटनेस का काम बंद होने से वाहन स्वामियों को परेशानी हो रही है। जिले में करीब 5000 अनफिट वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। जिले में करीब नौ लाख वाहन पंजीकृत हैं। नई निजी कार, बाइक खरीदने पर आरटीओ कार्यालय से उसके फिटनेस का प्रमाणपत्र 15 सालों के लिए जारी किया जाता है। उसके बाद हर पांच साल के लिए फिटनेस सर्टिफिकेट लेना होता है। व्यावसायिक वाहन जैसे ऑटो, टैक्सी, ट्रक, बस, ई-रिक्शा आदि वाहनों के पहली बार पंजीकरण के दो साल बाद फिटनेस सर्टिफिकेट आवश्यक होता है। अभी तक फिटनेस का कार्य आरटीओ कार्यालय में मैन्युअल किया जाता था। इसके चलते वाहन स्वामियों को आरटीओ कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे। कई बार आरटीओ कार्यालय वाहन ले जाने वाले स्वामियों को अधिकारियों के न मिलने पर निराश होकर लौटना पड़ता था। इसके अलावा मैन्युअल वाहनों की फिटनेस में समय भी अधिक लगता था। वाहन स्वामियों की इस दिक्कत को देखते हुए पीपी मॉडल पर दो फिटनेस सेंटरों का निर्माण जटपुरा में किया गया है। दोनों सेंटर लगभग बन कर तैयार हैं। परिवहन विभाग की टेक्निकल टीम भी मुआयना कर चुकी है, लेकिन अभी इन सेंटरों पर फिटनेस का काम शुरू नहीं किया जा सका है। इसकी वजह यह है कि सिस्टम अपडेट नहीं हो सका है। जबकि आरटीओ कार्यालय में वाहनों के फिटनेस का काम बंद कर दिया गया है। इसके चलते वाहन स्वामियों को परेशानी हो रही है। संचालन के दौरान चालान के साथ भारी जुर्माने का डर भी उन्हें सता रहा है। करीब पांच हजार वाहन स्वामी अपने वाहनों की फिटनेस कराने के लिए परेशान हैं। जटपुरा में दो ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर (एटीएस) का निर्माण पूरा हो चुका है। तकनीकी टीम निरीक्षण कर उन्हें सर्टिफिकेट भी जारी कर चुकी है। साफ्टवेयर अपडेट होने के बाद फीस आदि कटने की समस्या आ रही है। दो-तीन दिन में यह समस्या भी दूर हो जाएगी। इसके बाद इन फिटनेस सेंटरों पर वाहनों की फिटनेस चेकिंग का काम शुरू हो जाएगा। - आंजनेय सिंह, एआरटीओ (प्रशासन)




## संक्षिप्त समाचार

### शादी समारोह के बीच जमकर विवाद... मारपीट से मचा हंगामा, दुल्हन की दादी समेत दो लोग घायल

मुरादाबाद-मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के मदनापुर में शादी समारोह के दौरान कुछ लोगों ने मेहमानों और दुल्हन के परिजनों के साथ मारपीट कर दी। इसमें दुल्हन की दादी समेत दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।मूंढापांडे थाना क्षेत्र के मदनापुर में शादी समारोह में कुछ लोगों ने मेहमानों के साथ मारपीट की। दुल्हन के पिता और दादी ने विरोध किया तो उनके साथ भी मारपीट की। जिसमें दुल्हन की दादी समेत दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मदनापुर निवासी इकरार अली ने मूंढापांडे थाने में दर्ज कराए केस में बताया कि नौ मई को उसकी बेटी की शादी थी। शादी की रस्म चल रही थी। इसी दौरान मदनापुर निवासी हीरो, उसका भाई नक्शे, सुहेल और नदीम मंडप में आए और अहमदपुर निवासी उमर अली के बारे में पूछने लगे। बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया। इसके बाद आरोपियों ने उसे खींच लिया और गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई शुरू कर दी। इस घटना से शादी समारोह में अफरा तफरी मच गई। इस घटना में मो. इकरार और उनकी मां जमीला ने उमर को लोगों ने बचाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। इस घटना में उमर और जमीला घायल हो गईं। मूंढापांडे थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। धोखाधड़ी में दो आरोपी गिरफ्तार- फर्जी दस्तावेज बनवाकर जमीन का बैनामा करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया। मझोला थाना क्षेत्र के गांगन वाली मैनाठेर निवासी सोमवीर ने 24 मार्च 2025 को केस दर्ज कराया था। जिसमें बताया गया कि मझोला के जयंतीपुर निवासी अतवीर और उमेश ने फर्जी दस्तावेज बनवाकर उनकी जमीन का बैनामा करा दिया है। मझोला थाना प्रभारी आरपी शर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिए गया है। रामगंगा विहार में घर के बाहर खड़ी कार चोरी- सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार में घर के बाहर खड़ी कार चोरी हो गई। रामगंगा विहार निवासी सुनील खोड़े ने दर्ज कराए केस में बताया कि 10 मई की सुबह उनकी कार घर के बाहर से चोरी कर ली गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार- कांठ पुलिस ने रविवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। कांठ थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र के आशापुर कॉलोनी निवासी बबलू उर्फ बलवीर और गांव सलेमपुर के फजलाबाद निवासी जीवन सिंह पर न्यायालय में वाद चल रहे हैं। इन दोनों पर आरोप है कि यह न्यायालय में पेशी पर नहीं पहुंच पाए, जिस कारण दोनों के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी हुए थे।

### धमकी केस में साइबर पुलिस को गूगल ने नहीं दी जानकारी... अटकी जांच, अफसर बोले-आरोपी दक्षिण का

मुरादाबाद-क्रिकेटर मोहम्मद शमी को ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी देने के मामले में साइबर पुलिस को गूगल से आईपी एड्रेस की जानकारी नहीं मिल सकी है। इससे जांच में देरी हो रही है। शमी को धमकी भरे दो ई-मेल भेजे गए थे। इसमें एक करोड़ रुपये की मांग की गई थी। भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी को ईमेल के जरिये जान से मारने की धमकी देने के मामले में साइबर पुलिस को गूगल ने कोई जानकारी नहीं दी है। गूगल ने धमकी देने वाले ई-मेल की आईपी एड्रेस की जानकारी देने में असमर्थता जताई है। इससे अब साइबर थाना पुलिस की मुश्किले बढ़ गई हैं। पुलिस के पास सिर्फ बंगलूरू पुलिस से मिलने वाले इनपुट का ही सहारा बचा है। आईपीएल में व्यस्त क्रिकेटर मोहम्मद शमी की ई-मेल आईडी पर चार और पांच मई को एक के बाद एक धमकी भरे दो ई-मेल भेजे गए थे। इसका खुलासा मोहम्मद शमी के बड़े भाई मोहम्मद हसीब ने किया था। ई-मेल किसी राजपूत सिंधर नाम की आईडी से भेजे गए थे। इसमें बंगलूरू के रहने वाले किसी प्रभाकरा नाम के व्यक्ति के अलावा एक करोड़ रुपये का जिक्र भी किया गया था।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# थाने में रोते हुए दिखा पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट करने वाला आरोपी

क्यूँ न लिखूँ सच -ब्यूरोचीफ

बरेली । पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम मोहम्मद साजिद है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके बाद देवरनियां थाना पुलिस ने दबिश देकर उसे घर से दबोचा।



आरोपी युवक का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगा रहा है। पुलिस को जांच में पता लगा कि साजिद दर्जी का काम करता है। उसके मोबाइल में कई भड़काऊ वीडियो मिले हैं। जानकारी के मुताबिक देवरनियां थाना क्षेत्र के गांव गिरधरपुर निवासी मोहम्मद साजिद ने फेसबुक पर वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें कुछ युवक झंडा लहराते हुए पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी करते दिख रहे हैं। यह वीडियो पाकिस्तान का बताया गया है। इस पोस्ट से हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया। हिमांशु पटेल नाम के युवक ने मामले की शिकायत एक्स पर पुलिस से की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। थाने के एसएसआई नवदीप कुमार ने साजिद के खिलाफ सामाजिक वैमनस्यता फैलाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रविवार रात उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वह रोते दिख रहा है। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगा रहा है। थाना पुलिस का कहना है कि विधिक कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजा जाएगा। ,उधर, शीशगढ़ थाना क्षेत्र ग्राम गुलड़िया निवासी गुलाम रसूल ने सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म पर भी आपत्तिजनक पोस्ट की। उसकी पोस्ट वायरल होने पर जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी ने एक्स पर इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस अधिकारियों के आदेश के बाद पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# महात्मा बुद्ध ने अहिंसा, करुणा और ज्ञान का मार्ग दिखाया, उनकी शिक्षाएं हैं मानव जीवन के लिए प्रासंगिक- डॉ शैलेन्द्र मिश्र

क्यूँ न लिखूँ सच

मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में डॉ अम्बेडकर फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित हुआ भगवान बुद्ध जयंती समारोह प्रतापगढ़।भगवान बुद्ध का जन्म 563 ईशा पूर्व शाक्य गणराज्य




की तत्कालीन राजधानी कपिलवस्तु के निकट लुम्बनी में आज ही की तिथि था हुआ था जो नेपाल में है।आज का दिन उस महामानव की स्मृति में समर्पित है, जिन्होंने संसार को अहिंसा, करुणा और ज्ञान का मार्ग दिखाया।भगवान बुद्ध की शिक्षाएँ आज भी हमारे जीवन को शांति, संतुलन और सकारात्मकता की ओर ले जाती हैं। उक्त बातें क्षेत्र के तारापुर गांव स्थित शंकर दीनदयाल बालिका इंटर कालेज के प्रांगण में डॉ अम्बेडकर फाउंडेशन (सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार) नई दिल्ली के सहयोग से मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित भगवान बुद्ध जयंती समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए हेमवती नंदन बहुगुणा डिग्री कालेज लालगंज प्रतापगढ़ के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने कहीं। उन्होंने कहा आइए, इस पावन अवसर पर अप्प दीपो भव के मूलमंत्र पर चलकर हम भी अपने भीतर के अज्ञान, क्रोध और लोभ को त्यागकर बुद्धत्व की ओर एक कदम बढ़ाएँ। अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय प्रतापगढ के पराविधिक स्वयं सेवक निरंजन प्रकाश तिवारी ने %बुद्ध पूर्णिमा% के पावन अवसर पर भगवान बुद्ध जयंती समारोह में उपस्थित सभी छात्र -छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद एन.एस.एस.के कार्यक्रमाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र ने बताया कि भगवान बुद्ध का जीवन आत्म-बोध तथा निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा आइए, हम सभी भगवान बुद्ध के ध्यान, करुणा और सह-अस्तित्व के पथ का अनुसरण कर समरस व शांतिपूर्ण समाज के निर्माण का संकल्प लें। मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री प्रोफेसर एस के पांडेय ने महान संत भगवान बुद्ध का जीवन परिचय देते हुए उनके जीवन वृत्त, शिक्षा एवं वीवाह, विरक्ति, महाभिनिष्क्रमण, ज्ञान की प्राप्ति, धर्म -चक्र -प्रवर्तन तथा महापरिनिर्वाण पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में आभार व्यक्त करते हुए आयोजक संस्था मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कुल भूषण शुक्ल ने वक्ताओं को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में पंकज परदेशिया सांस्कृतिक दल ने मनमोहक व उपदेशात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।इसके पूर्व अतिथियों द्वारा भगवान बुद्ध के व्यक्तित्व -कृतित्व एवं जीवन वृत्त पर आधारित एक दिन पूर्व आयोजित निबंध लेखन, क्विज़ डिबेट व चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड,मेडल एवं मोमेंटो तथा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह में उपस्थित सभी लोगों को स्वल्पाहार एवं मरीजों को फल वितरित किया गया।इस मौके पर प्रोफेसर रिचा सुकुमार, डॉ सीमा त्रिपाठी, डॉ संतोष मिश्र, डॉ गंगा धर मिश्र,राम शरण बर्मा, अनीता शुक्ला, डॉ ज्योत्सना शुक्ला, उपासना शुक्ला, अखिलेश विश्वकर्मा , सुजीत शर्मा, अभय शर्मा,अभिनव, सलीम,खुशी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता को दबंगों ने पीटा, नकदी सोने की चेन छीनी

क्यूँ न लिखूँ सच -ब्यूरोचीफ

बरेली- बरेली। सुभाषनगर थाना क्षेत्र में भाजपा नेता के साथ बाजार में दबंगों ने मारपीट की। आरोप है कि नकदी, पर्स और चेन भी लूट ली। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। भाजपा मढ़ीनाथ मंडल के सेक्टर संयोजक शिवकुमार पाठक ने बताया कि वह शनिवार शाम को टहलते हुए सुभाषनगर बाजार की तरफ जा रहे थे। आरोप है कि अचानक एक बाइक और एक स्कूटी पर सवार दो लोग आए। दोनों उन्हें पकड़कर गली में ले गए और लात घूसों से पिटाई कर दी। बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए। जब लोगों ने उठाया तो जेब में रखे 4500 रुपये, पर्स और सोने की चेन गायब थी। तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। साथ ही आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

# एसआरएमएस में केक काट कर मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्स डे

क्यूँ न लिखूँ सच -ब्यूरोचीफ

बरेली- श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती पर 12 मई को केक काट कर धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया।




एसआरएमएस ट्रस्ट के अध्यक्ष देव मूर्ति जी और सचिव आदित्य मूर्ति जी ने नर्सिंग छात्रों और शिक्षकों को आशीर्वाद देने के साथ उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और स्वास्थ्य सेवा के साथ समाज और अर्थव्यवस्थाओं के विकास और स्थिरता में भी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए भी जरूरी बताया। समारोह में नर्सों को सम्मानित भी किया गया। दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना और संस्थान गीत के बाद कार्यक्रम शुरू हुआ। अतिथियों के संबोधन और नर्सों के सम्मान के बाद केयरिंग हैंड्स क्लब की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आरंभ हुआ। गायन, फैशन शो, एकल नृत्य, युगल नृत्य में नर्सिंग छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नर्सों के वास्तविक जीवन के संघर्ष, समर्पण और करुणा को दर्शाती हुई स्किट का भी मंचन हुआ। अंत में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट के साथ पुरस्कार वितरित किया गया। इससे पहले एसआरएमएस आईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. (कर्नल) आरपी सिंह ने नर्सिंग पेशेवरों के साहस और समर्पण की प्रशंसा की। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल डा.मुथू महेश्वरी ने कार्यक्रम की थीम हमारी नर्सें, हमारा भविष्य- नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती है की जानकारी दी। डिप्टी मेट्रन नीतू ने सभी का स्वागत किया। नर्सिंग की भूमिका पर विद्यार्थियों ने विभिन्न पोस्टर बनाए। इनका मूल्यांकन मुख्य अतिथि मेट्रन मैडम ने किया। अंत में नर्सिंग के एसोसिएट प्रोफेसर मयंक कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया एवं अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन तान्या चौहान और सिमरनजीत कौर ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर पारसराम सहित कॉलेज के सभी फैकेल्टी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 14 स्टेशन... 120 किमी का सफर, संपर्क क्रांति से रिसता रहा डीजल, जरा सी चिंगारी मचा सकती थी तबाही

संपर्क क्रांति के टैंक से 120 किलोमीटर तक डीजल रिसता रहा। गाजियाबाद से अलीगढ़ तक 14 स्टेशनों पर ट्रेन से रिसता डीजल किसी को दिखाई नहीं दिया। जरा सी अगर निगाह न पड़ती तो बिहार अलीगढ़ तक बिहार संपर्क क्रांति 120 किलोमीटर का सफर करके गिरता डीजल नजर नहीं आया। बड़े खतरे में डाल सकती थी।



